प्रभात खबर

# hajipur news. पातेपुर से नकली पाइप व मार्का बरामद




हाजीपुर. हरलोचनपुर थाना की पुलिस के सहयोग से थाना क्षेत्र के मौदह चतुर गांव में एक घर पर छापेमारी की गई. छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकली पाइप और कंपनी का नकली मार्का बरामद हुआ. इस संबंध में कंपनी के फील्ड अफसर विकास कुमार ने बताया है कि लंबे समय से कंपनी को शिकायत मिल रही थी कि कंपनी का फर्जी लोगो और मार्का लगा कर नकली पाइप बेचा जा रहा है. कंपनी ने अपने स्तर से जांच किया तो पता चला कि मौदह चतुर निवासी रामनारायण राय का पुत्र अनिल राय नकली मार्का लगा कर पीवीसी पाइप बना रहा है. हरलोचनपुर थाना की पुलिस के सहयोग से अनिल राय के घर पर छापेमारी कराई गई तो छापेमारी में 48 पीस पाइप एवं 26 मार्का बरामद हुआ है. आरोपित के विरुद्ध कापीराइट उल्लंघन की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. इस मामले में पुलिस आरोपित की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है.

Source: https://www.prabhatkhabar.com/state/bihar/hajipur/fake-pipes-and-brands-recovered